'बिरला व्हाइट युवारत्न' - एमआईटीएस की आर्किटेक्ट स्टूडेंट ने जीता नेशनल डिजाइन अवार्ड

श्रीमती राजश्री बिरला ने विजेता को सम्मानित किया

माननीय प्रधानमंत्री के 'डिजाइन इन इंडिया विजन' की तर्ज पर इस डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

मुंबई, (एजेंसी)। ग्वालियर के माधव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एमआईटीएस) में चौथे वर्ष की स्टूडेंट जागृति जैन ने भारत का सर्वोत्तम डिजाइन पुरस्कार प्राप्त किया है। पिछले साल घोषित की गई 'बिरला व्हाइट युवारत्न' प्रतियोगिता के एक हिस्से के रूप में, उसने अमरावती कन्वेंशन सेंटर का कॉन्सेप्ट डिजाइन किया था। हर साल बिरला व्हाइट की ओर से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता में यह अवॉर्ड आर्किटेक्चरल समुदाय का सबसे प्रशंसनीय भारतीय डिजाइन पुरस्कार है।खूबसूरत भारत के निर्माण के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजाइन ऑफ इंडिया' विजन से प्रेरित यह प्रतियोगिता युवा वास्तुकारों को डिजाइन और रचनात्मकता की सीमा से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस सालाना वास्तुकला प्रतियोगिता को भारत और नेपाल के छात्रों और वास्तुकला बिरादरी की ओर से काफी सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिरला व्हाइट को 100 संस्थानों से 2,000 से ज्यादा प्रविष्टियां मिली।सुश्री जागृति जैन ने कहा, एमआईटीएस की ओर से विजेता के रूप में स्वयं के नाम की घोषणा सुनकर मैं काफी उत्साहित हुई थी। इस उपलब्धि ने भारत में वास्तुकला की शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता के क्षेत्र में हमारे संस्थान की विश्वसनीयता को प्रमाणित किया है। मैं यह देखकर काफी प्रसन्न हूं कि अमरावती कन्वेंशन सेंटर में मेरे कॉन्सेप्ट को आधारभूत ढांचे के रूप में बदलने में मान्यता मिली हैं। मुंबई में पिछले सप्ताह हुई फाइनल प्रतियोगिता में विजेताओं ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। आदित्य बिरला ग्रुप की कंपनियों की डायरेक्टर बोर्ड मेंबर श्रीमती राजश्री बिरला ने भारत के मशहूर वास्तुकारों और निर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स की मौजूदगी में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।